**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

दिनांक : 01.12.2025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :-

- विधानसभा का पाँच दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से होगा शुरू।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का करेंगे शुभारंभ।
- ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में सरस आजीविका मेले का करेंगे शुभारंभ।
- तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में कल भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रनों से हराया।

मध्यप्रदेश शीतकालीन सत्र

विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र शुरू होने के ठीक पहले कांग्रेस ने बीते कल कथित अराजकता, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कृषि संकट को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को कार्यवाही के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मन की बात-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के ज़रिए देशवासियों को संबोधित किया। उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीवी पर प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देखा और सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान दिवस पर हुए विशेष कार्यक्रम, वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में आयोजित आयोजनों, अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर धर्मध्वज आरोहण, हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन डत्व् सुविधा के उद्घाटन वोकल फ़ॉर लोकल, महिलाओं की खेल उपलब्धियों-जैसे आईसीसी महिला विश्व कप, कबड्डी वर्ल्ड कप, बॉक्सिंग कपकृसहित ब्लाइंड महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत की जीत का उल्लेख किया।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के 313 विकासखंडों, 55 जिला मुख्यालयों और 10 संभागों में आचार्यों की मौजूदगी में तीन लाख से ज्यादा गीताभक्त श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ करेंगे। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में प्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इसी दौरान 16 से 28 नवंबर तक हुई गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम भी घोषित किए जाएंगे। उज्जैन में आज से तीन दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं वहीँ भोपाल में रवीन्द्र भवन में दिव्यांग कलाकारों द्वारा 'गीता ऑन व्हील्स' की विशेष प्रस्तुति होगी। मंडला में इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके होंगी, और कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते करेंगे। यह आयोजन दोपहर 12 बजे, रानी दुर्गावती कॉलेज खैरी मंडला में आयोजित होगा। शिवपुरी जिले के मानस भवन में गीता ज्ञान महोत्सव आयोजित होगा। छिन्दवाड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम "एम.एल.बी. स्कूल छिन्दवाड़ा" में आयोजित किया जाएगा। खंडवा में कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय में होगा, जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। आगरमालवा, डिंडोरी और बैतूल सहित प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

सामूहिक विवाह समारोह-उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में हुए सामूहिक विवाह समारोह में सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। उन्होंने अपने छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु का विवाह इसी सामूहिक समारोह में कराया। योग गुरु बाबा रामदेव ने 21 जोड़ों का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया और कहा कि यह डेस्टिनेशन नहीं, बल्कि डिवाइन मैरिज है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने समारोह में पहुंचकर सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

सरस-आजीविका मेला

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में सरस आजीविका मेले का शुभारंभ करेंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया है कि देशभर के 25 राज्यों से स्वयं सहायता समूहों की लगभग तीन सौ लखपति दीदियां इस मेले में भाग लेंगी। मेले में खाने के कुल 62 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें से 50 में ताजा भोजन परोसा जाएगा और 12 स्टॉलों में प्राकृतिक खाद्य उत्पादन उपलब्ध रहेंगे। मंत्रालय ने बताया है कि मेले में हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोआ और गुजरात भाग ले रहे हैं।

नड्डा-एड्स दिवस

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज विश्व एड्स दिवस 2025 के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का नेतृत्व करेंगे। इसका उद्देश्य एचआईवी की रोकथाम, उपचार, देखभाल के लिए सरकारी नेताओं, विकास भागीदारों, युवा प्रतिनिधियों, सामुदायिक अधिवक्ताओं, एचआईवी से पीड़ित लोगों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को साथ लाना है। इस आयोजन के दौरान, नाको की राष्ट्रीय मल्टीमीडिया पहल के अंतर्गत एक नए अभियान वीडियो श्रृंखला का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें एक विशेष लाइव संगीत प्रदर्शन भी होगा।

अच्छी खबर- रायसेन

प्रधानमंत्री आवास योजना आदिवासी वर्ग के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से रायसेन जिले की आदिवासी रामकली बाई का पक्के मकान का सपना साकार हुआ। नए आवास में वह अपने परिवार के साथ हंसी- खुशी जीवन व्यतीत कर रही हैं। पेश है एक रिपोर्ट....
वीओ- विनीत माहेश्वरी, रायसेन

एसआईआर-प्रदेश

प्रदेश में एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण का काम तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश के 6 जिले अशोकनगर, नीमच, बैतूल, गुना, मंडला और सीहोर ने सौ फीसदी डिजिटलाइजेशन का काम पूरा कर लिया है। प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 33 लाख से ज़्यादा गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन हो चुका है, जो कुल काम का करीब 93 प्रतिशत है। इसके अलावा 39 जिलों ने 95 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर अच्छा प्रदर्शन किया है, और 5 जिलों में 92 प्रतिशत से अधिक काम हो चुका है। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया है कि जिले की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में कार्य लगातार चल रहा है।

कलेक्टर के अनुसार अब तक लगभग 85 प्रतिशत फॉर्म्स का डिजि-टली-करण पूरा किया जा चुका है।

उधर, निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब 11 दिसंबर 2025 तक फॉर्म भरने का काम चलेगा, और 14 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

क्रिकेट - भारत - साउथ अफ्रीका

तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में रांची में कल भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हरा दिया। 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका आखिरी ओवर में 332 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट जबकि हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- विश्व धरोहर सांची में दो दिन चला महाबोधि महोत्सव कल रात संपन्न हो गया। मप्र संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बौद्ध विचार और कला पर केंद्रित कई प्रस्तुतियाँ हुईं।

- शिवपुरी जिले की सभी जनपद पंचायतों में एडिप एवं वयोश्री योजना के तहत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदाय परीक्षण शिविर 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक आयोजित किये जाएंगे।
- नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में आज से बाघों की गणना शुरू हो गयी है। इस बार गणना में बाघ मित्र और ग्राम वन समितियों को भी शामिल किया गया है।
- जबलपुर जिला प्रशासन ने शहरवासियों को शुद्ध, सुरक्षित और रसायनमुक्त सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए कृषि उपज मंडी परिसर में कल से साप्ताहिक जैविक बाजार की शुरुआत की है।
- भोपाल के बैरसिया ब्लॉक स्थित पिपलिया हसनाबाद गांव के पास दो कारों के बीच टक्कर से कार सवार चार युवकों की मौत हो गई।
- आरबीआई  के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जनपद पंचायत कटनी के सभाकक्ष में आयोजित शिविर में 10 अलग-अलग बैंकों के कुल 18 निष्क्रिय खातों का निस्तारण कर 34 लाख रुपये की राशि का निपटारा किया गया।

--------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब .**

(1) मध्यप्रदेश शीतकालीन सत्र

विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र शुरू होने के ठीक पहले कांग्रेस ने बीते कल  कथित अराजकता, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कृषि संकट को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को कार्यवाही के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

(2) अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के 313 विकासखंडों, 55 जिला मुख्यालयों और 10 संभागों में आचार्यों की मौजूदगी में तीन लाख से ज्यादा गीताभक्त श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ करेंगे। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में प्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इसी दौरान 16 से 28 नवंबर तक हुई गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम भी घोषित किए जाएंगे। उज्जैन में आज से तीन दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं वहीँ भोपाल में रवीन्द्र भवन में दिव्यांग कलाकारों द्वारा 'गीता ऑन व्हील्स' की विशेष प्रस्तुति होगी। मंडला में इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके होंगी, और कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते करेंगे। यह आयोजन दोपहर 12 बजे, रानी दुर्गावती कॉलेज खैरी मंडला में आयोजित होगा। शिवपुरी जिले के मानस भवन में गीता ज्ञान महोत्सव आयोजित होगा। छिन्दवाड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम "एम.एल.बी. स्कूल छिन्दवाड़ा" में आयोजित किया जाएगा। खंडवा में कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय में होगा, जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। आगरमालवा, डिंडोरी और बैतूल सहित प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

(3) सामूहिक विवाह समारोह-उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में हुए सामूहिक विवाह समारोह में सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। उन्होंने अपने छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु का विवाह इसी सामूहिक समारोह में कराया। योग गुरु बाबा रामदेव ने 21 जोड़ों का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया और कहा कि यह डेस्टिनेशन नहीं, बल्कि डिवाइन मैरिज है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने समारोह में पहुंचकर सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

(4) अच्छी खबर- रायसेन

प्रधानमंत्री आवास योजना आदिवासी वर्ग के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से रायसेन जिले की आदिवासी रामकली बाई का पक्के मकान का सपना साकार हुआ। नए आवास में वह अपने परिवार के साथ हंसी- खुशी जीवन व्यतीत कर रही हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

**वीओ- विनीत माहेश्वरी, रायसेन**

(5) <u>एसआईआर-प्रदेश</u>

प्रदेश में एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण का काम तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश के 6 जिले अशोकनगर, नीमच, बैतूल, गुना, मंडला और सीहोर ने सौ फीसदी डिजिटलाइजेशन का काम पूरा कर लिया है। प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 33 लाख से ज़्यादा गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन हो चुका है, जो कुल काम का करीब 93 प्रतिशत है। इसके अलावा 39 जिलों ने 95 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर अच्छा प्रदर्शन किया है, और 5 जिलों में 92 प्रतिशत से अधिक काम हो चुका है। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया है कि जिले की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में कार्य लगातार चल रहा है।

कलेक्टर के अनुसार अब तक लगभग 85 प्रतिशत फॉर्म्स का डिजि-टली-करण पूरा किया जा चुका है।

उधर, निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब 11 दिसंबर 2025 तक फॉर्म भरने का काम चलेगा, और 14 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।